श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
18.02.2025
फाल्गुन कृष्णपक्ष षष्ठी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 175

**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:26 बजे
अस्त - 05:53 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 30 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

# बंशीधर न्यूज
कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



डिजिटल अखबार www.banshidharnews.com
गढ़वा होगा आत्मनिर्भर >> पेज 03
अस्पताल में भर्ती हुईं पॉप सिंगर शकीरा >> पेज 04

### सुविचार
यदि हमें इस संसार के दुखों से छुटकारा पाना है तो हमें ही रास्ता खोजना होगा

### न्यूज अपडेट्स

## मुख्यमंत्री आज 289 युवाओं को देंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग की ओर से 289 पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। यह कार्यक्रम प्रोजेक्ट भवन में आयोजित किया जाएगा।नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत मुख्यमंत्री जिन पदों के लिए चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र बांटेंगे, उन पदों में गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक का पद शामिल है। राज्य सरकार ने राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। इसके तहत कुल 289 पदों पर नियुक्ति की जायेगी।

## झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक आज

**रांची।** झारखंड मंत्रिपरिषद् की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

**हादसा** उच्चतम न्यायालय में जनहित याचिका दायर

# सुप्रीम कोर्ट पहुंचा नई दिल्ली रेलवे स्टेशन भगदड़ मामला

**नयी दिल्ली।** राजधानी में नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ मामले को लेकर उच्चतम न्यायालय में एक जनहित याचिका दायर कर ऐसी घटनाओं को रोकने के उपाय करने के लिए विशेषज्ञ समिति गठित कर समन्वय और सामूहिक रूप से काम करने का केंद्र समेत सभी राज्य सरकारों को निर्देश देने की मांग की गई है। याचिका में केंद्र सरकार और राज्यों को राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण द्वारा 2014 में कार्यक्रमों और सामूहिक समारोह स्थलों पर भीड़ का प्रबंधन शीर्षक से तैयार की गई रिपोर्ट के कार्यान्वयन और विचार के लिए निर्देश देने की मांग की गयी है।



याचिकाकर्ता विशाल तिवारी ने अदालत से अनुरोध किया कि वह भारतीय रेलवे को रेलवे स्टेशनों और प्लेटफार्मों पर यात्रियों की सुरक्षा के लिए गलियारों को चौड़ा करना, बड़े ओवरब्रिज और प्लेटफार्मों का निर्माण करने के उपाय करने का निर्देश दे। याचिका में रेलवे को रैंप और एस्केलेटर के माध्यम से प्लेटफार्मों तक आसान पहुंच सुनिश्चित करने तथा व्यस्त समय के दौरान आगमन या प्रस्थान प्लेटफार्मों में किसी भी तरह के बदलाव से सख्ती से बचने का निर्देश देने की गुहार लगाई गई है।
अधिवक्ता ने अपनी याचिका में कहा, यात्रियों की आवाजाही को नियंत्रित करने के लिए बैरियर, रस्सियों और भीड़ नियंत्रण द्वारों का उपयोग करना आवश्यक है। इसके अलावा रेलवे स्टेशन पर उपलब्ध स्थान के अनुसार यात्रियों की संख्या से अधिक टिकट वितरित नहीं करना चाहिए। तिवारी ने केंद्र सरकार और रेलवे को 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ की घटना पर स्थिति रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश देने की भी मांग की, जिसमें 18 लोगों की जान चली (रेलवे के अनुसार) गई थी। उन्होंने कहा, भगदड़ की घटनाएं पहले भी होती रही हैं, लेकिन जब हम सीसीटीवी कैमरे जैसी तकनीक से पूरी तरह लैस हैं, हमारे पास पर्याप्त बल, मानव शक्ति, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस है और हम पहले की तुलना में आर्थिक रूप से भी मजबूत हैं, तब ऐसी भगदड़ नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा, यह महज एक घटना नहीं है, बल्कि एक विफलता और लापरवाही है, जिसकी कीमत आम लोगों को चुकानी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार ने हताहतों और लापता लोगों का वास्तविक आंकड़ा जारी नहीं किया है, जो शायद उसकी लापरवाही और विफलता को छिपाने के लिए किया गया हो।
उन्होंने कहा कि सरकार पर वास्तविक आंकड़ों का खुलासा करने और मृतकों तथा लापता लोगों के लिए काउंटर और हेल्पलाइन नंबर स्थापित करने की जिम्मेदारी तय की जानी चाहिए, ताकि उनके रिश्तेदार और परिवार के सदस्य उनकी स्थिति के बारे में पूछताछ कर सकें।
याचिकाकर्ता ने आग्रह किया कि रेल मंत्रालय को कॉरिडोर को चौड़ा करने, बड़े ओवरब्रिज और प्लेटफॉर्म बनाने जैसे कदम उठाने चाहिए, जिससे भीड़भाड़ कम हो सके और भगदड़ का खतरा कम हो।

# ज्ञानेश होंगे नये मुख्य चुनाव आयुक्त

**नई दिल्ली।** ज्ञानेश कुमार देश के नये मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वे राजीव कुमार की जगह लेंगे। कानून मंत्रालय ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी। राजीव कुमार का कार्यकाल सोमवार को समाप्त हो गया। पिछले साल मार्च में चुनाव आयुक्त के रूप में नामित किए गए ज्ञानेश कुमार देश के अगले मुख्य चुनाव आयुक्त होंगे। वे इस साल के आखिर में बिहार विधानसभा चुनाव और अगले साल बंगाल, असम और तमिलनाडु में होने वाले चुनावों की देखरेख करेंगे। इसके साथ ही 2027 में राष्ट्रपति और उपराष्ट्रपति के चुनाव मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के कार्यकाल में होंगे। केरल कैडर के 1988 बैच के आईएएस अधिकारी ज्ञानेश कुमार, तीन सदस्यीय पैनल में दो आयुक्तों में से वरिष्ठ हैं। इससे पहले सोमवार को मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में नॉर्थ ब्लॉक में हुई बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए।



पुरानी व्यवस्था के तहत तीन सदस्यी चुनाव आयोग में सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जाता रहा है। हालांकि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून के तहत अब समिति के माध्यम से नए मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन होता है। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के तहत नए मुख्य चुनाव आयुक्त वर्तमान में आयोग में शामिल चुनाव आयुक्त भी हो सकते हैं या फिर कोई नया नाम तय किया जा सकता है। अधिनियम के तहत केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री की अध्यक्षता में एक खोज समिति पांच उम्मीदवारों की एक सूची तैयार करती है।

## कांग्रेस ने पित्रोदा के बयान से किया किनारा

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने चीन को लेकर इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया हैं। पार्टी महासचिव (संचार) एवं राज्यसभा सदस्य जयराम रमेश ने आज यहां कहा कि सैम पित्रोदा का बयान कांग्रेस का बयान नहीं है। जयराम रमेश ने एक बयान में कहा कि सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं। जयराम रमेश ने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी



चुनौती बना हुआ है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने चीन के प्रति मोदी सरकार के दृष्टिकोण पर बार-बार सवाल उठाए हैं, जिसमें 19 जून 2020 को प्रधानमंत्री द्वारा सार्वजनिक रूप से चीन की दी गई क्लीनचिट भी शामिल है। चीन पर हमारा सबसे हालिया बयान 28 जनवरी 2025 को जारी किया गया था लेकिन यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि संसद को इस स्थिति पर चर्चा करने और इन चुनौतियों का प्रभावी समाधान निकालने के लिए सामूहिक संकल्प व्यक्त करने का अवसर नहीं दिया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा ने कहा था कि मैं चीन से खतरे को नहीं समझ पा रहा हूं। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका में दुश्मन को परिभाषित करने की प्रवृत्ति है।

# कतर के अमीर पहुंचे नई दिल्ली प्रधानमंत्री मोदी ने किया स्वागत

**नई दिल्ली।** कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल थानी दो दिवसीय यात्रा पर आज नई दिल्ली पहुंचे। उनकी यात्रा को एक विशेष सम्मान देते हुए स्वयं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एयरपोर्ट पर उनका स्वागत किया। कतर के अमीर के साथ एक उच्च स्तरीय प्रतिनिधिमंडल भी है। इसमें मंत्री, वरिष्ठ अधिकारियों और एक व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल शामिल है। यह उनकी दूसरी यात्रा है। इससे पहले मार्च 2015 में वे अपने




राजकीय यात्रा पर भारत आए थे। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने एक्स पर कहा, एक खास दोस्त के लिए एक खास स्वागत। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी का हवाई अड्डे पर स्वागत किया, जब वे भारत की अपनी दूसरी राजकीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुंचे। यह यात्रा साझेदारी के बंधन को और मजबूत करेगी। कतर के अमीर का मंगलवार को राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में औपचारिक स्वागत किया जाएगा। अपनी यात्रा के दौरान अमीर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु के साथ चर्चा करेंगे।

## मुख्यमंत्री ने बागेश्वर धाम धाम में होने वाले कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा की

# प्रधानमंत्री 23 व राष्ट्रपति 26 को जायेंगे बागेश्वर धाम

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के छतरपुर जिले में खजुराहो के पास बागेश्वर धाम में होने वाले भव्य कार्यक्रमों की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 फरवरी को बागेश्वर धाम में कैंसर अस्पताल एवं रिसर्च सेंटर की आधारशिला रखेंगे। वहीं, 26 फरवरी को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 251 जोड़ों के सामूहिक विवाह कार्यक्रम में शामिल होंगी। प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के प्रस्तावित दौरे के मद्देनजर सुरक्षा व्यवस्था और प्रोटोकॉल की तैयारियों पर



विशेष ध्यान दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सोमवार देर शाम खजुराहो के महाराजा छत्रसाल कन्वेंसन सेंटर में बागेश्वर धाम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संभावित आगमन के मद्देनजर तैयारियों की समीक्षा की। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि कार्यक्रम पूर्ण गरिमामय होना चाहिए इसमें किसी भी प्रकार की कोई कोर कसर नहीं रखी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुंदेलखंड को फीनिक्स के पक्षी की तरह राख से निकलकर जीवित होने वाला बताया। उन्होंने कहा कि यहां के वीर योद्धाओं को उनकी वीरता और अद्वितीय पराक्रम के लिये सदैव याद किया जाएगा। बुंदेलखंड के गौरवशाली व्यक्तित्व जैसे आल्हा उदल, महाराजा छत्रसाल जैसे लोगों से बुंदेलखंड गौरवान्वित किया है। उन्होंने कहा कि यहां पर पहली नदी जोड़ो परियोजना, पहला अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा एवं पहला फाइव स्टार होटल इसी बुंदेलखंड की धरती पर स्थापित हुआ। प्रधानमंत्री मोदी स्वयं कैंसर हॉस्पिटल के भूमि पूजन हेतु पधार रहे हैं। यह एक ऐतिहासिक पल होगा।
इस अवसर पर बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर पं. धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने कहा कि यह पहला मौका होगा, जहां मंदिर में अस्पताल होगा। उन्होंने सभी का धन्यवाद दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं खजुराहो सांसद शर्मा ने कहा कि बुंदेलखंड हरा भरा और समृद्ध शाली बनें। उन्होंने मुख्यमंत्री के त्वरित गवर्नेंस की प्रशंसा करते हुए कहा कि बुन्देलखण्ड पर तो राजनैतिक पर्यटन तो बहुत लोगों ने किया। बुंदेलखंड की तस्वीर बदलने की परिसंवाद करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव आगे आए और उनका सहयोग रहा। इससे आज के समय में यह परिसंवाद बुंदेलखंड के लिए प्रसंगिग है। इससे बुंदेलखंड की तस्वीर बदलेगी। इस अवसर पर वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री दिलीप अहिरवार, विधायकगण ललिता यादव, राजेश शुक्ला, अरविंद पटेरिया, जिला पंचायत अध्यक्ष विद्या अग्निहोत्री, पूर्व विधायक उमेश शुक्ला व प्रद्युम्न सिंह लोधी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## ब्रिटिश कंपनी मार्टिन बेकर बेंगलुरु में लगाएगी प्लांट, इजेक्शन सीटें बनेंगी

**नई दिल्ली।** ब्रिटिश एयरक्राफ्ट कंपनी मार्टिन बेकर भारतीय विमानों की इजेक्शन सीटों के रखरखाव और निर्माण के लिए बेंगलुरु में प्लांट लगाएगी। स्वदेश में निर्मित इजेक्शन सीटों को निर्यात करने का भी मौका मिलेगा। इसी कंपनी ने 83 एलसीए तेजस एमके-1ए के लिए 108 आईएन16जी सीटों में से 40 फीसदी की आपूर्ति हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) को की है। इसी तरह मार्क-1 के लिए भी 51 इजेक्शन सीटों की डिलीवरी की गई है। ब्रिटिश मार्टिन बेकर एयरक्राफ्ट कंपनी विमानन के लिए इजेक्शन सीट और सुरक्षा संबंधी



उपकरणों का निर्माण करती है। इजेक्शन सीट के क्षेत्र में अग्रणी बनने से पहले यह कंपनी मूल रूप से विमान निमार्ता थी। कंपनी का मुख्यालय हायर डेनहम, बकिंघमशायर, इंग्लैंड में है, जबकि अन्य साइटें फ्रांस, इटली और संयुक्त राज्य अमेरिका में हैं। मार्टिन बेकर दुनियाभर में 93 वायु सेनाओं के लिए इजेक्शन सीटों की आपूर्ति करती है।

# शिक्षा विभाग व विद्यालय प्रबंध समिति की लापरवाही से मध्याह्न भोजन बंद



बंशीधर न्यूज

**भवनाथपुर :** शिक्षा विभाग की ढुलमुल रवैया और विद्यालय प्रबंध समिति की लापरवाही के कारण प्रखंड अंतर्गत बनसानी पंचायत के प्राथमिक विद्यालय रोहो में विगत 8 फरवरी 2025 से मध्याह्न भोजन बंद है। इससे विद्यालय में अध्यनरत सभी छात्र-छात्राएं 10 दिनों से मध्याहन भोजन से वंचित है। स्कूल में बच्चों को मध्याहन भोजन नहीं मिलने से स्थानीय शिक्षा विभाग एवं स्कूल प्रबंधन के खिलाफ लोगों में आक्रोश व्याप्त है। स्कूली छात्र सुचिता कुमारी, मधु कुमारी, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, सहदेव कुमार, अनुराग कुमार, अनमोल कुमार, प्रिंस कुमार ने कहा कि विद्यालय में मध्याहन भोजन पिछले दस दिनों बंद है। स्कूल में मध्याह्न भोजन नहीं मिलने से सभी छात्र छात्राओं को खाना खाने के लिये घर जाना पड़ रहा है, इससे बच्चों की पढ़ाई भी बाधित हो रही है। कहा कि पूर्व के प्रधानाध्यापक द्वारा हम लोगो को कभी भी अंडा नहीं दिया गया है। जबकि उक्त विद्यालय में कुल सैकड़ों बच्चें नामांकित है। मध्याह्न भोजन बंद होने का कारण पूछने पर प्रभारी प्रधानाध्यापक विवेक सौरभ ने बताया कि पूर्व के प्रधानाध्यापक द्वारा मुझे प्रभार नहीं दिया गया है, इसके चलते मध्याह्न भोजन बंद है। प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सुजीत साह से पूछे जाने पर कहा कि प्रभार आदान प्रदान में उपजे विवाद के कारण विद्यालय में पिछले 8 फरवरी से मध्यान भोजन बंद है। इस संबंध में बीपीओ रवीन्द्र कुमार मेहता ने कहा कि विद्यालय में मध्याह्न कब से किस कारण से बंद है, इसकी जानकारी मुझे नहीं है। मामले की जांच कर दोषी पर विभागीय कार्रवाई की जायेगी।

## न्यूज अपडेट्स

### अपराधियों ने युवक को मारी गोली, गंभीर

**मेदिनीनगर :** मनातू थाना क्षेत्र के बंसी खुर्द गांव में अपराधियों ने जावेद खान नामक युवक को गोली मार दी। जावेद खान के पेट में दाहिनी तरफ गोली लगी है। उसे इलाज के लिये मनातू के स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। बाद में उसे बेहतर इलाज के लिये मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने के बाद मनातू थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और पूरे मामले की जांच की। मनातू थाना प्रभारी निर्मल उरांव ने घटना की पुष्टि करते हुये कहा कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और जल्द ही अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जायेगा। जानकारी के मुताबिक जावेद अपने भाई तौहीद के घर गया था। घर से लौटते वक्त घात लगाये बैठे अपराधियों ने जावेद को गोली मार दी। घटना को अंजाम देने के बाद अपराधी मौके से फरार हो गये। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजन भी मौके पर पहुंचे। परिजनों ने जावेद को इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती कराया। इधर विश्वस्तसूत्रों के अनुसार पुलिस के प्रारंभिक जांच में यह मामला सामने आ रहा है कि उक्त युवक को शिकार करने के दौरान गोली लगी है। कई अन्य मामले भी सामने आ रहे हैं लेकिन समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि उसे गोली मारी गयी है या शिकार करने में गोली लगी है।

## पलामू

### दंडाधिकारी व अतिरिक्त बल तैनात, मेडिकल टीम भी कर रही कैंप

# रेल यात्रियों की सुरक्षा व सुविधा प्राथमिकता : डीसी

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** महाकुंभ को लेकर दिल्ली समेत कई राज्यों के कई रेलवे स्टेशनों पर लगातार बढ़ रही भीड़ के साथ-साथ पिछले दिनों हुई कुछ घटनाओं के बाद पलामू जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड में आ गई है। जिले के डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भी हर दिन अत्यधिक भीड़ हो रही है। इसे देखते हुये डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर भीड़ के कारण कोई हादसा या घटना नहीं हो, इसपर निगरानी व नियंत्रण रखने के लिये जिला प्रशासन की ओर से अतिरिक्त बल और दंडाधिकारी की तैनाती की गई है। यहां अतिरिक्त बल व दंडाधिकारी तथा स्वास्थ्य विभाग की टीम प्रतिदिन शाम पांच बजे से देर रात तक स्टेशन पर कैंप करेगी। इसे लेकर पलामू के डीसी शशि रंजन के नेतृत्व में प्रशासनिक टीम ने आज डालटनगंज रेलवे स्टेशन का निरीक्षण किया है। इस निरीक्षण में नगर आयुक्त जावेद हुसैन, उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद एवं सदर एसडीएम सुलोचना मीणा के साथ-साथ रेलवे के कई अधिकारी मौजूद थे। इस दौरान डीसी शशिरंजन ने बताया कि महाकुंभ को लेकर डालटनगंज रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का जायजा लिया गया है। दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की तैनाती की समीक्षा की गई है। डीसी ने बताया कि प्रतिदिन सिविल सर्जन के नेतृत्व में एक स्वास्थ्य की टीम रेलवे स्टेशन पर कैंप करेगी। प्रतिदिन 10 से 15 हजार श्रद्धालु प्रयागराज जा रहे हैं। रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई है एवं यात्री सुविधाओं को बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। रांची से प्रयागराज जाने के रास्ते में डालटनगंज रेलवे स्टेशन पड़ता है। डालटनगंज रेलवे स्टेशन अमृत भारत योजना के अंतर्गत है, जहां से प्रतिदिन हजारों लोग प्रयागराज जा रहे हैं। रेलवे की तरफ से डालटनगंज के लिये स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं, जो यहां से होती हुई प्रयागराज जाती है। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त जावेद हुसैन, डीडीसी मो शब्बीर अहमद, एसडीओ सुलोचना मीणा स्टेशन अधीक्षक उमेश कुमार, यातायात इंस्पेक्टर अनिल तिवारी, वाणिज्य अधीक्षक राजीव रंजन, वाणिजय यातायात निरीक्षक विकास कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक क्षितिज कुमार प्रधान, सहायक मंडल अभियंता मनोहर कुमार आदि कई रेलवे अधिकारी मौजूद थे।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने चलाया डोर टू डोर अभियान




**गढ़वा :** जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा के तत्वावधान में 90 दिवसीय आउटरीच कार्यक्रम के तहत जिले के मेराल प्रखंड के बाजुडीह गांव में डोर टू डोर कैंपेन चलाया गया। इस दौरान ग्रामीण लक्ष्मीनिया देवी ने बताया की उसके पति की मौत पहले ही हो चुकी है। उसका पुत्र बबलू राम जो गुजरात में कमाने के लिये गया हुआ था उसकी भी मौत वहां काम करने के दौरान 2016 में ही हो चुकी है। बबलू की मौत के बाद उसकी पत्नी शोभा देवी सदमे से मानसिक स्थिति खराब हो गई। ऐसे में इन दोनों के चार पुत्र व पुत्री की परवरिश की जिम्मेदारी उसी के ऊपर हो गई है। उसने बताया कि बुढ़ापे में नाबालिगों को सही तरीके से परवरिश नहीं कर पा रही है। जिसके बाद पीएलवी मुरली श्याम तिवारी एवं रामाशंकर चौबे ने लक्ष्मीनिया देवी को स्पॉन्सरशिप योजना के बारे में बताया। इसके पश्चात लक्ष्मीनिया देवी ने पीएलवी के समक्ष आवेदन जमा किया। पीएलवी ने शीघ्र कार्रवाई करते हुये उनके आवेदन को जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा में दिया है। ताकि आगे की कार्रवाई हो सके। मौके पर प्रभात कुमार तिवारी सहित कई अन्य उपस्थित थे।

### जलमीनार और चापाकल की मरम्मत, ग्रामीणों को मिली राहत


**भवनाथपुर :** प्रखंड के अरसली उतरी पंचायत स्थित आदिम जनजाति बाहुल्य लहराहा टोला में जलमीनार और चपाकल की खराब स्थिति के कारण ग्रामीणों को पिछले कई महीनों से तालाब का पानी पीना पड़ रहा था। इस गंभीर समस्या को लेकर विभिन्न समाचार पत्रों में प्रकाशित खबर के बाद पीएचईडी विभाग हरकत में आया। विभाग के जेई ने प्रखंड कर्मियों के साथ लहराहा टोला का दौरा किया और खराब पड़े चपाकल की मरम्मत की। इसके साथ ही जलमीनार को भी दुरुस्त किया गया। अब ग्रामीणों को साफ और सुरक्षित पेयजल की सुविधा मिल रही है। ग्रामीणों ने इस कदम की सराहना करते हुये कहा कि अब उन्हें तालाब का गंदा पानी पीने से राहत मिली है। पीएचडी विभाग के अधिकारियों का कहना है कि आगे भी ऐसे कार्यों को प्राथमिकता दी जायेगी ताकि ग्रामीणों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। मौके पर पीएचडी विभाग के के देवेंद्र किस्को, मनरेगा जेई वरुण कुमार, कैलान पंचायत के रोजगार सेवक दयानंद प्रजापति, कुंदन दुबे, रामप्रीत कोरवाल सहित कई लोग उपस्थित थे।

### मैट्रिक के चार परीक्षा केंद्रों पर 1460 परीक्षार्थी देंगे परीक्षा

**रमना :** प्रखंड मुख्यालय में चार मैट्रिक परीक्षा केंद्र में 1460 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। जानकारी के अनुसार प्लस टू उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में 716 परीक्षार्थी, बालिका उच्च विद्यालय परीक्षा केंद्र में 125 परीक्षार्थी, राजकीय मध्य विद्यालय सिलीदाग एक परीक्षा केंद्र में 303 परीक्षार्थी तथा अजकीय मध्य विद्यालय रमना परीक्षा केंद्र में 316 परीक्षार्थी परीक्षा देंगे। विदित हो कि 18 फरवरी को विषय हिंदी की परीक्षा होगी। बीडीओ सह सीओ विकास पांडेय एवं थाना प्रभारी आकाश कुमार ने सभी परीक्षा केंद्रों का दौरा कर व्यवस्था से अवगत हुए तथा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त परीक्षा संपन्न कराने की बात कही। केंद्राधीक्षक अजय सेठ, शशिरमण प्रकाश व सहायक धर्मदेव उरांव,फुलेंद्र राम व रिंकू कुमार पासवान ने कहा कि परीक्षार्थियों के लिए परीक्षा केंद्र पर समुचित व्यवस्था उपलब्ध है। साथ ही परीक्षा केंद्र पर परीक्षा अवधि में लापरवाही या गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं किया जायेगा।

## जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक का मना 10वां स्थापना दिवस

बंशीधर न्यूज



**मझिआंव :** नगर पंचायत क्षेत्र स्थित जेपी यादव लिटिल एंजेल पब्लिक स्कूल प्रबंधक की ओर से 10 वां स्थापना दिवस विद्यालय परिसर में धूमधाम और हर्षोउल्लास के साथ से मनाया गया। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। जिसका उद्घाटन विधायक नरेश प्रसाद सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला परिषद सदस्य धर्मेंद्र सिंह, आरके पब्लिक स्कूल के निदेशक अलखनाथ पांडेय, निवर्तमान अध्यक्ष सुमित्रा देवी, सांसद प्रतिनिधि शोभा जायसवाल, युवा समाजसेवी मारुत नंदन सोनी एवं कांडी प्रमुख नारायण यादव ने मां सरस्वती की प्रतिमा एवं विद्यालय के संस्थापक के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर किया। मौके पर अलखनाथ पांडेय ने कहा कि सांस्कृतिक कार्यक्रम एक जीवन का हिस्सा है। पढ़ाई लिखाई के साथ-साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी सराहनीय योगदान अनिवार्य है। इसके बाद छात्र एवं छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक नाटक एवं नृत्य की रंगारंग प्रस्तुति कर समारोह का समां बांध दिया। अंत में मुख्य एवं विशिष्ट अतिथियों को तिलक लगाकर फूल माला पहनाकर सम्मानित किया गया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य श्रीमती गीता, कांडी प्रमुख नारायण यादव, नवल किशोर यादव, अच्युतानंद तिवारी, वीरेंद्र नाथ दुबे, शेख अमरुदीन, प्रेमानंद त्रिपाठी, सत्येंद्र पासवान, कृष्णानंद मिश्रा, नागेंद्र सिंह, अनिल कमलापुरी, लक्ष्मण सिंह, विश्वनाथ पासवान, नीरज कमलापुरी, गुलाम बॉस, दीपक चंद्रवंशी, वीरेंद्र चंद्रवंशी, चंद्रदेव पासवान, पप्पू चंद्रवंशी, एवं विद्यालय के संचालक विजय यादव सहित काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन के लिये 5 दिवसीय प्रशिक्षण शुरू

# मधुमक्खी पालन से स्वावलंबी बनें : डीएचओ

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** जय माता दी मधुमक्खी पालक कल्याण समिति द्वारा जिले के किसानों के लिए पांच दिवसीय वैज्ञानिक विधि से मधुमक्खी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ जिला बागवानी अधिकारी (डीएचओ) शिवशंकर प्रसाद, समिति के अध्यक्ष गोरखनाथ साव, कोषाध्यक्ष सूरज प्रताप सिंह ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुये डीएचओ ने कहा कि जिला उद्यान कार्यालय गढ़वा द्वारा प्रायोजित बागवानी विकास उप योजना ₹मधुमक्खी योजना की योजना₹ के अंतर्गत कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखंड सरकार के द्वारा चलाया जा रहा है। गढ़वा जिले के किसानों के लिये यह एक महत्वपूर्ण अवसर है, जहां उन्हें मधुमक्खी पालन से संबंधित तकनीकी ज्ञान और कौशल प्राप्त करने का मौका मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण लेकर अपने खेत से ही मधुमक्खी पालन का काम शुरू कर स्वावलंबी बनने का यह सुनहरा अवसर है। प्रशिक्षक कृष्णा कुमार और सुनील कुमार द्वारा प्रशिक्षण में भाग ले रहे 13 किसानों को विस्तृत तकनीकी जानकारी देते हुये मधुमक्खी पालन के विभिन्न पहलुओं की जानकारी देते हुये मधुमक्खी पालन कर स्वावलंबी बनाने तथा अपनी आय में वृद्धि करने के लिये प्रेरित किया। प्रशिक्षणार्थियों में शिवनाथ कुशवाहा, रामजीत मेहता, राजेश कुमार, बाबू लाल, मिथुन कुमार, रवीता देवी आदि शामिल हैं।

# मेराल में खुला ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर का शोरूम

बंशीधर न्यूज



**मेराल :** बस स्टैंड स्थित वीरेंद्र प्रसाद के मकान में ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर शोरूम का उद्घाटन सोमवार को मुखिया रामसागर महतो, विधायक प्रतिनिधि डॉ लालमोहन, वीरेंद्र प्रसाद आदि ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। मौके पर मेराल शोरूम के प्रबंधक ने कहा कि ओला इलेक्ट्रिक स्कूटर का यह शोरूम खुला है। इको फ्रेंडली इलेक्ट्रिक स्कूटर आज के समय की जरूरत है, यहां स्कूटर तथा बाईक के सभी मॉडल उपलब्ध है। उस मौके पर भाजपा नेता रितेश चौबे, अजय विश्वकर्मा, एनुअल अंसारी, आफताब आलम, राजू, उपेंद्र, सोनू सहित कई लोगों के साथ कंपनी के कर्मचारी मौजूद थे।

# गरीब बेटियों के हाथ पीले कराने में अधिवक्ताओं ने बढ़ाया सहयोग



**बंशीधर न्यूज**

**गढ़वा :** कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वावधान में 19 फरवरी को दानरो नदी छठ घाट पर आयोजित 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह को लेकर भिक्षाटन कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को गढ़वा अधिवक्ता संघ के कार्यालय से की गई। इस दौरान अधिवक्ताओं ने संस्था के सचिव विकास कुमार माली की झोली में अपना सहयोग प्रदान किया। सामूहिक विवाह की इस पहल को लोगों ने खूब सराहा। अधिवक्ताओं ने कहा कि संस्था गरीब और असहाय कन्याओं के लिये जो मुहिम चला रही है, वह सराहनीय है। इससे ऐसे परिवारों को राहत मिल रही है जो आर्थिक तंगी के कारण अपनी बेटियों की शादी नहीं कर पाते थे। संस्था के प्रयासों से अब ये माता-पिता खुशी-खुशी अपनी बेटियों का हाथ पीला कर रहे हैं। अधिवक्ताओं ने यह भी कहा कि कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी न केवल विवाह आयोजन कर रही है, बल्कि दहेज प्रथा, बाल विवाह और भ्रूण हत्या जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ भी जागरूकता फैलाने का कार्य कर रही है। संस्था के सचिव विकास माली ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम में लोगों का पूरा सहयोग मिल रहा है। यदि इसी तरह सहयोग मिलता रहा तो गढ़वा जिला सहित अन्य राज्यों में भी गरीब बेटियों का विवाह निरंतर कराया जाता रहेगा। मौके पर विभूति पांडेय, राजेश कुमार सिन्हा, हसीबुल्ला अंसारी, महजबीन साहिबा सहित संस्था के पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## न्यूज अपडेट्स

### दिशा की बैठक आज



**गढ़वा :** गढ़वा समाहरणालय में मंगलवार को जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक होगी। इसकी जानकारी देते हुए सांसद के निजी सचिव अलख दूबे ने बताया कि सांसद विष्णुदयाल राम की अध्यक्षता में आयोजित दिशा की बैठक में डीसी, एसपी समेत सभी विभाग के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं समिति के सदस्य शामिल होंगे। उक्त बैठक में केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के प्रायोजित योजनाओं विशेषकर सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, बिजली सहित सभी योजनाओं, परियोजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की जाएगी।

### फैंसी मॉल में लगी आग, 70 लाख का नुकसान

**पांकी :** पांकी में प्रसिद्ध व्यवसाई राजीव गुप्ता के कपड़ा के प्रतिष्ठान राजीव फैंसी मॉल में बीती रात करीब 11.30 बजे अचानक आग लग गई। इससे मॉल में रखे सारा सामान जलकर नष्ट हो गया है। इस अगलगी की घटना में करीब 70 से 80 लाख रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। बताया जाता है कि आग लगने के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और आग को बुझाने का प्रयास किया लेकिन आग की लपेटे इतनी तेज थी कि आग नहीं बुझ सकी। इसी बीच फायर ब्रिगेड को सूचना दी गयी जिसके बाद दमकल की गाड़ी पहुंची और कई घंटे बाद आग को बुझाया जा सका। सूचना पाकर पुलिस भी मौके पर पहुंची और छानबीन शुरू की। समाचार लिखे जाने तक आगा कैसे लगी इसका खुलासा नहीं हो सका है। इस घटना के बाद मॉल मालिक के परिवार का बुरा हाल है।

## गढ़वा | डीसी ने जिला मत्स्य पदाधिकारी को किया निर्देशित

# गढ़वा होगा आत्मनिर्भर

**बंशीधर न्यूज**



**गढ़वा :** भारत सरकार के आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना 2020-2021 से 2024-25 तक कुल 5 वर्षों के लिये प्रारम्भ की गई है। डीसी शेखर जमुआर की अध्यक्षता में योजनाओं के चयन के लिये डिस्ट्रिक्ट लेवल कमेटी में विगत वित्तीय वर्षों में मत्स्य पालन की विभिन्न योजनाएं जैसे रेसकुर्लेटरी एक्वा कल्चर सिस्टम, बायोफ्लॉक मत्स्य पालन ईकाइयां, मत्स्य हेचरी का अधिष्ठापन, इंसुलेटेड मत्स्य परिवहन वाहन, आईस बॉक्स के साथ बाईक, मत्स्य आहार उत्पादन हेतु फिड मिल इत्यादि कुल 31 योजनाओं का चयन किया गया था, जिसमें कुछ योजनाएं जैसे - बायोफ्लॉक में 5 इकाई में 7.5 लाख इकाई लागत का 60:40 प्रतिषत अनुदान, स्मॉल आरएएस इकाई लागत 7.5 लाख का 60 प्रतिषत अनुदान पर 1 महिला लाभुक का चयन एवं मत्स्य विक्रय के लिये आईस बॉक्स के साथ मोटर-साइकिल 75000/- यूनिट कॉस्ट का 60:40 अनुदान पर कुल 7 लाभुकों का चयन आदि है। उपायुक्त सह अध्यक्ष डीएलसी गढ़वा के द्वारा केन्द्र प्रयोजित प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के सफल संचालन का निर्देश दिया गया। साथ ही योजना वर्तमान वित्तीय वर्ष में पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया। बैठक में सर्वसम्मति से धरती आभा जनजातिय उत्कर्ष अभियान प्रस्तावित अभियान में पूर्व चयनित ग्राम पंचायत में मत्स्य पालन करने वाले आदिम जनजाति समुदाय के लोगों को प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के कम्पोनेंट (अवयव) को आगामी वितीय वर्ष में समाहित करते हुये प्राप्त प्रस्ताव में विभिन्न योजनाओं को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके तहत गढ़वा के ओबरा भदुआ ग्राम में अवस्थित अन्नराज जलाशय में 25 लाभुकों को केज मत्स्य पालन इकाईयों का अनुमोदन, जिसका इकाई लागत 3 लाख कुल 50 इकाईयां (150 लाख), चिनियां ब्लॉक के चिरका ग्राम में अवस्थित चिरका जलाशय में 25 लाभुकों को केज मत्स्य पालन इकाईयों का अनुमोदन, जिसका इकाई लागत 3 लाख, लगभग 150 लाख की लागत से पदचनज सहित कुल 300 लाख की परियोजना क्स्ब में पारित की गई। इसके अतिरिक्त जिन्दा मछली विक्रय केन्द्र का प्रस्ताव मत्स्य पालकों को मछली विक्रय हेतु सहुलियत को ध्यान में रखते हुये जिले में देने का प्रस्ताव पारित किया गया। साथ ही केज मत्स्य पालन से मत्स्य उत्पादन एवं समुदायिक मत्स्य परिवारों, खास कर विस्थापितों को रोजगार एवं पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आकांक्षी जिला निति आयोग के तहत स्वीकृति प्रदान की गई। डीसी श्री जमुआर द्वारा नीति आयोग से प्राप्त निधि से जिला मत्स्य पदाधिकारी गढ़वा को इस पद्धति का सफल संचालन करने का निर्देश दिया गया। इस प्रकार प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, धरती आभा जनजातिय उत्कर्ष अभियान एवं आकांक्षी जिला नीति आयोग में कुल 240 योजनाओं को पारित किया गया। बैठक में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, डीआरडीए निदेशक रविश राज सिंह, कार्यपालक अभियंता जलपथ प्रमण्डल, जिला कृषि पदाधिकारी शिवशंकर प्रसाद, अग्रणी बैंक प्रबंधक, गढ़वा, परियोजना समन्वयक कृषि विज्ञान केन्द्र गढ़वा, जिला मत्स्य पदाधिकारी सह मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, धनराज कापसे एवं मत्स्य पालक के प्रतिनिधिगण आदि उपस्थित थे।

## केन्द्रीय बजट में मध्यम वर्ग, किसान व मजदूरों को दी गयी है विशेष राहत : सांसद

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** केंद्रीय बजट 2025-26 में 12 लाख रुपए सालाना आय वालों को टैक्स में छूट देकर सरकार ने मध्यम परिवार के लोगों को बड़ी राहत प्रदान की है। इस बजट में किसानों का खास ख्याल रखा गया है और उन्हें खेती के लिये दिये जाने वाले केसीसी ऋण की सीमा बढ़ायी गयी है। उक्त बातें पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने कही है। वे ज्योति लोक होटल में केन्द्रीय बजट पर पत्रकारों के समक्ष चर्चा कर रहे थे। उन्होंने बताया कि बजट में सूक्ष्म व लघु उद्योगों के लिये क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है। चमड़ा और खिलौना उद्योग को बढ़ावा दी जायेगी। सरकारी अस्पताल और विद्यालय में ब्रॉड बैंड इंटरनेट लगाई जायेगी। मेडिकल कॉलेजों में सीट बढाई जायेगी। कैंसर की रोगियों के लिये विशेष व्यवस्था की जायेगी। गेगा वर्कर्स के लिये आइडेंटिटी कार्ड उपलब्ध कराई जायेगी। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार ने अपने बजट में जलजीवन मिशन को वर्ष 2028 तक बढा दिया है। इसके अलावे समुद्री विकाश कोष का आवंटन किया गया है। ग्रामीण क्रेडिट स्कोर विकसित करने की मांग की गई है। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 57 रेलवे स्टेशन को अमृत स्टेशन के रूप में विकसित करने समेत कई महत्वपूर्ण योजनाओं को चलाने का प्रावधान किया गया है। मौके पर भाजपा के प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, पलामू चैंम्बर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष आंनद शंकर, भाजपा के जिला अध्यक्ष अमित तिवारी, सांसद प्रतिनिधि विजय ओझा, श्याम नारायण दुबे, अविनाश वर्मा, अलख दुबे, भोला पांडेय, ईश्वरी पांडेय समेत भाजपा के कई नेता मौजूद थे।

### सामूहिक विवाह की सफलता के लिये सचिव ने की मां गढ़देवी में पूजा अर्चना



**गढ़वा :** गढ़वा कन्या विवाह एंड विकास सोसाईटी के तत्वावधान में आयोजित 351 कन्याओं के सामूहिक विवाह के सफल आयोजन के लिये संस्था के सचिव विकास माली ने मां गढ़देवी मंदिर में पूजा-अर्चना की। उन्होंने बताया कि यह ऐतिहासिक विवाह समारोह 19 फरवरी को दानरो नदी के छठ घाट पर संपन्न होगा। इस आयोजन की सफलता के लिये शहरभर में भिक्षाटन कार्यक्रम की भी शुरूआत की गई है। ताकि अधिक से अधिक लोगों का सहयोग प्राप्त हो सके। विकास माली ने आम जनता से इस पुण्य कार्य में सहयोग करने की अपील कर कहा कि गढ़वा जिला में आयोजित यह सामूहिक विवाह इतिहास रचेगा। समाज के सभी लोगों से अनुरोध है कि वे इस आयोजन को सफल बनाने में सहयोग करें और विवाह के दिन वर-वधु को आशीर्वाद देने अवश्य आयें।

### महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने की पूजा अर्चना




**केतार :** मां चतुर्भजी मंदिर के सरयुदास राम लीला मैदान में आज काफी भीड़ हुआ। यह यज्ञ काशी वाशी श्री श्री 108 श्री रामेश्वर दास जी महराज के सानिध्य में हो रहा है। श्री शतचण्डी महायज्ञ के चौथे दिन श्रद्धालुओं ने हजारों की संख्या में यज्ञ की परिक्रमा तथा पूजा अर्चना की। इधर वृन्दावन से आयी कथावाचिका देवी प्रतिभा के द्वारा किये जा रहे श्रीमद भागवत कथा में अन्य जिलों से भी लोग कथा श्रवण के लिये काफी संख्या में आ रहे हैं। आज श्रीमद् भागवत कथा में धूमधाम से नंदोत्सव मनाया गया। भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव में काफी सुंदर झांकियां भी निकाली गई। उपस्थित महिला एवं पुरुष श्रद्धालु नाच झूम कर भाव विभोर हुये। मौके पर प्रमोद शुक्ला, राजीव रंजन तिवारी, रामविचार साहू, सुरेश कुमार, हेमंत पाठक, मुखिया प्रमोद कुमार, राजकुमार पाठक, त्रिपुरारी सिंह, कुंडल सिंह, बिंदु राम, रमेश दुबे, लल्लू पाल सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## वनकर्मी, पुलिसकर्मी, चौकीदार, पारा शिक्षक और यूट्यूबर करवा रहे अफीम की खेती

# प्रशासन के देखरेख में पोस्ता की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है : डॉ. शशिभूषण मेहता

**बंशीधर न्यूज**




**मेदिनीनगर :** पांकी क्षेत्र के विधायक डॉ कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने कहा कि पलामू जिले के मनातू व पांकी प्रखंड में प्रशासन की सहमति से पोस्ता की खेती बड़े पैमाने पर की जा रही है। वनकर्मी, कुछ पुलिसकर्मी, चौकीदार, पारा शिक्षक, यूट्यूबर, पूर्व जिला पार्षद, पूर्व पंचायत प्रतिनिधि आदि पोस्ते की खेती और अफीम का उत्पादन करवा रहे हैं। अफीम की खेती का नेटवर्क पंजाब और हरियाणा तक फैला हुआ है। पोस्ते की खेती में 10-15 बड़े धंधेबाज शामिल हैं। उन्होंने डीजीपी, डीआईजी, पुलिस को सूची सौंपी है। परंतु प्रभावी कार्रवाई नहीं हो रही है। पोस्ते की खेती बंद करवाने और पीढ़ियों को बचाने के लिये विधानसभा के आगामी सत्र में धरना देंगे। क्षेत्र में बड़ी रैली भी निकालेंगे। अबतक की कार्रवाई केवल खानापूर्ति है। केवल मनातू अंचल में 5000 एकड़ में पोस्ते की फसल लगाई गई है। विधायक ने कहा कि 200 रूप लोगों पर कार्रवाई की जायेगी तो स्वतः पोस्ता की खेती बंद हो जायेगा। उक्त बातें पांकी विधानसभा क्षेत्र के विधायक डा शशिभूषण मेहता ने परिसदन में प्रेसवार्ता कर कही। उन्होंने कहा कि इस मामले को लेकर डीजीपी, एसपी को भी सूचना दी गई है लेकिन पोस्ता की खेती कराने वाले के विरूद्ध कोई कार्रवाई नहीं करते हुये निर्दोष लोगों को फर्जी तरीके से पुलिस द्वारा प्राथमिकी दर्ज कर जेल भेजने का काम कर रही है। कार्रवाई के नाम पर केवल निर्दोष लोगों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति कर ली जाती है। जो दोषी हैं वह आज भी बाहर घूम रहे हैं और निर्देश लोगों पर प्राथमिक दर्ज कर जेल भेजा जा रहा है। एक बुजुर्ग जिनका पेसा था भैंस चराना उन्हें जेल भेज दिया गया जिसके चलते चार भैंस उनकी मर गई जबकि उन्हें पोस्ता से कोई लेना-देना नहीं था। उन्होंने मनातू थाना प्रभारी के कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि मनातू थाना प्रभारी के कनीय पुलिस अधिकारी व पिकेट प्रभारी तथा वन विभाग के कर्मियों के द्वारा पोस्ता की खेती कराई जा रही है। जिनके उपर प्राथमिकी दर्ज है वह पुलिस के साथ मंच संचालन का कार्य करता है। जो निर्दोष है उसे पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। वन विभाग के लोग पोस्ता की खेती में लगे हुए लोगों से पैसे की वसूली करते हैं। विधायक डा मेहता ने पुलिस प्रशासन से मांग किया है कि निर्दोष लोगों पर फर्जी रूप से दर्ज किये गये प्राथमिकी को वापस ले और दोषी लोगों को गिरफ्तार करे वरना आंदोलन किया जायेगा। प्रेसवार्ता में जिला प्रतिनिधि प्रकाश मेहता, प्रो बच्चन ठाकुर, सुनील कुशवाहा, मिंटी वर्मा, रंजय ठाकुर व अन्य लोग शामिल थे।



# अस्पताल में भर्ती हुई पॉप सिंगर शकीरा, शो रद्द

मशहूर गायिका शकीरा की तबीयत अचानक बिगड़ गई है। पेट में तेज तकलीफ के चलते उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस खबर की पुष्टि खुद शकीरा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट के जरिए की है। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण उन्हें पेरू में होने वाला अपना शो रद्द करना पड़ा, जिसके लिए उन्होंने अपने प्रशंसकों से माफी भी मांगी है। शकीरा ने सोशल मीडिया पर एक भावुक पोस्ट साझा करते हुए अपने स्वास्थ्य के बारे में जानकारी दी है। उन्होंने लिखा, ₹मुझे आप सभी को यह बताते हुए दुख हो रहा है कि कल रात मुझे पेट की समस्या के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया। डॉक्टरों ने मुझे परफॉर्म न करने की सलाह दी है। मैं मंच पर आ पाने की स्थिति में नहीं हूं। शकीरा ने आगे लिखा, मैं पेरू में अपने फैंस के लिए परफॉर्म करने का बेसब्री से इंतजार कर रही थी। मैं बहुत दुखी हूं कि आज मैं मंच पर नहीं जा पाऊंगी। शकीरा का जन्म 2 फरवरी, 1977 को कोलंबिया के बैरेंक्विला में हुआ था। वे बचपन से ही संगीत और डांस में रुचि रखती थीं। अपनी बेहतरीन आवाज और अनोखे डांस मूव्स के कारण उन्होंने बहुत कम उम्र में ही संगीत की दुनिया में कदम रख लिया था। फीफा वर्ल्ड कप 2010 के लिए उन्होंने थीम सॉन्ग 'वाका वाका - इट्स टाइम फॉर अफ्रीका' गाया था, जो पूरी दुनिया में धूम मचा गया था।

## 'छावा' बॉक्स ऑफिस पर हिट, 100 करोड़ के क्लब में शामिल हुई फिल्म



'छावा' की घोषणा के बाद से ही दर्शकों में इस फिल्म को लेकर काफी उत्सुकता थी। यह फिल्म 14 फरवरी को दुनिया भर में रिलीज हो गयी। इस फिल्म को दर्शकों से जबरदस्त प्रतिक्रिया मिल रही है। छत्रपति संभाजी महाराज की वीरगाथा बताने वाली इस फिल्म को देखने के लिए दर्शक उमड़ रहे हैं। इस कहानी को बड़े पर्दे पर देखकर दर्शक भावुक हो गए हैं। विक्की कौशल अभिनीत फिल्म 'छावा' ने बॉक्स ऑफिस पर शानदार शुरूआत की। पहले दिन की तुलना में दूसरे दिन राजस्व में भारी वृद्धि हुई। अब 'छावा' के तीसरे दिन की कमाई के आंकड़े सामने आ गए हैं। फिल्म ने रविवार को पिछले दो दिनों की तुलना में अधिक कमाई की है। फिल्म को काफी सराहना मिल रही है और इसकी कमाई भी लगातार बढ़ रही है। फिल्म 'छावा' ने भारत में रिलीज के पहले दिन शुक्रवार को 33.1 करोड़ रुपये की कमाई की। दूसरे दिन, शनिवार को 'छावा' ने 39.3 करोड़ रुपये की शानदार कमाई की। इंडस्ट्री ट्रैकर सैकनीलक की रिपोर्ट के मुताबिक 'छावा' ने रिलीज के बाद पहले रविवार यानी तीसरे दिन 48.5 करोड़ रुपये की कमाई की। भारत में फिल्म का तीन दिन का कलेक्शन 116.5 करोड़ रुपये हो गया है।

## प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान लोग स्टेशन पर रेलवे लाइन पार करते हुए



# बिहार में धान खरीद का नया रिकॉर्ड, आंकड़ा 39 लाख मीट्रिक टन पार

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार सरकार किसानों की आय बढ़ाने और कृषि क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत है। सरकार की नीतियां यह साबित करती हैं कि वह न केवल किसानों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, बल्कि कृषि उत्पादन और विपणन को भी सशक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभा रही है। इसी के तहत इस वर्ष बिहार में धान खरीद ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। बिहार में इस साल धान की खरीद में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। कुल 39.23 लाख मीट्रिक टन धान की खरीद की गई है, जो कि 45 लाख मीट्रिक टन के निर्धारित लक्ष्य का लगभग 87.2 प्रतिशत है। सरकारी रिकार्ड के मुताबिक वर्ष सरकार ने 30 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा था, जो लक्ष्य का 66.7 प्रतिशत था। इस साल धान की खरीद में करीब 30 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, यानी करीब 9 लाख मीट्रिक टन धान अधिक खरीदी गई है। इस उपलब्धि पर मुख्य सचिव अमृत लाल मीना ने सभी जिलाधिकारियों और उनकी टीम को बधाई दी है। खाद्य और सहकारिता विभाग की बेहतरीन कार्यशैली ने इस सफलता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।



### जिलों में जमकर हुई खरीदी

राज्य में पिछले वर्ष के मुकाबले करीब नौ लाख मीट्रिक टन धान की खरीद अधिक हुई है, जिसमें सबसे ज्यादा भोजपुर में 105 फीसदी धान की खरीद हुई है। ऐसे जिलों की संख्या ठीक ठाक थी जहां 95 फीसदी से अधिक खरीदारी हुई। इनमें अरवल, बांका, बेगूसराय, पूर्वी चंपारण, गया, किशनगंज, लखीसराय, मधेपुरा, नालंदा, पटना, सहरसा, शेखपुरा, शिवहर, सीवान और सुपौल है। वहीं 90 फीसदी से पार रहने वाले जिलों में पश्चिमी चंपारण, सारण, मुंगेर, जमुई, अररिया शामिल है।

### स्मार्ट खेती

राज्य सरकार पारंपरिक खेती के तरीकों को बदलकर किसानों को स्मार्ट खेती करने के लिए लगातार प्रेरित कर रही है। इसके लिए राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के तहत राज्य के सभी 101 अनुमंडलों को ड्रोन देने की योजना है।

### धान की कीमतों में वृद्धि

उत्तर बिहार में 1 नवंबर 2024 से धान की खरीद की प्रक्रिया शुरू हुई थी जो 15 फरवरी 2025 तक चली। विभाग ने इस बार साधारण धान के लिए 2300 रुपये प्रति क्विंटल और ग्रेड-ए धान के लिए 2320 रुपये प्रति क्विंटल की दर निर्धारित की थी। पिछले वर्ष साधारण धान की कीमत 2183 रुपये प्रति क्विंटल थी, जबकि ग्रेड-ए धान की कीमत 2203 रुपये प्रति क्विंटल थी। दक्षिण बिहार में 15 नवंबर से खरीद शुरू हुई थी और 15 फरवरी तक जारी रही।

### बायोमैट्रिक सत्यापन

नीतीश सरकार ने भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। इसीलिए धान की बिक्री करने वाले निबंधित किसानों का बायोमैट्रिक सत्यापन किया गया। तय किया गया कि रैयती किसान अधिकतम 250 क्विंटल धान की बिक्री कर सकेंगे, जबकि गैर रैयती किसान अधिकतम 100 क्विंटल धान बेच सकेंगे। किसानों को खरीद के 48 घंटे के भीतर भुगतान किया जाएगा और किसी भी परिस्थिति में धान का बकाया नहीं रखा जाएगा।

### कृषि रोडमैप निर्णायक

बिहार सरकार की यह उपलब्धि यूं ही नहीं हासिल हुई है। मुख्यमंत्री ने कृषि क्षेत्र में विकास के लिए कई गंभीर कदम उठाए हैं। कृषि क्षेत्र में कई अहम योजनाओं और कदमों के चलते फसलों, फलों और सब्जियों के उत्पादन में वृद्धि हुई है। सरकार ने कृषि रोडमैप तैयार किया और कृषि विकास कार्यक्रमों का संचालन किया, जिससे उत्पादन और उत्पादकता दोनों में वृद्धि देखने को मिली है।

## मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार आज होंगे सेवानिवृत्त

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने कल मुख्य निर्वाचन आयुक्त के पद से



सेवानिवृत्त होने जा रहे राजीव कुमार को आज विदाई दी। राजीव कुमार 01 सितंबर 2020 को चुनाव आयुक्त बने थे और 15 मई, 2022 को देश के 25वें मुख्य चुनाव आयुक्त के रूप में पदभार ग्रहण किया था। अपने विदाई भाषण में मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने के लिए 1.5 करोड़ मतदान अधिकारियों को उनके समर्पण के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि भारत के लोकतांत्रिक संस्थानों पर प्रेरित और अपुष्ट हमलों के बावजूद लगभग एक अरब मतदाताओं का भरोसा अडिग है। उन्होंने मतदाताओं की विशेष रूप से महिला मतदाताओं की उनकी जीवंत भागीदारी के लिए सराहना की और कहा कि चुनावी प्रक्रिया अब अधिक समावेशिता की ओर बढ़ रही है। चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और डॉ. सुखबीर सिंह संधू ने मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार के समावेशी, परिवर्तनकारी और उद्देश्यपूर्ण नेतृत्व की सराहना की। उन्होंने कहा कि इससे चुनावी प्रक्रियाओं को मजबूत मिली है और चुनाव प्रबंधन के क्षेत्र में भारत का कद वैश्विक स्तर पर और बढ़ा है।

Hit लिस्ट

## पहली बार बीटीसी सदन में शुरू हुआ असम विस का बजट सत्र

**कोकराझार (असम)।** 15वीं असम विधानसभा का बजट सत्र के पहले दिन की कार्यवाही सोमवार को गुवाहाटी के बाहर कोकराझार स्थित बोडोलैंड टेरिटोरियल



काउंसिल (बीटीसी) की सदन में हुई। असम के इतिहास में यह पहली बार है, जब विधानसभा की बैठक गुवाहाटी के बाहर आयोजित की गयी। हालांकि, शेष कार्यवाही असम विधानसभा में ही होगी। विधानसभा के सत्र में भाग लेने के लिए कोकराझार पहुंचने पर मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्वा सरमा का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ सरमा ने कहा कि असम के इतिहास में पहली बार, असम विधानसभा सत्र की बैठक आज कोकराझार में हो रही है। यह शांति और प्रगति के लिए एक और मील का पत्थर है। सत्र के पहले दिन राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य ने 79 पेज का अपना अभिभाषण 12.04 मिनट पर आरंभ किया और समापन 12.29 मिनट पर किया।

## उपराष्ट्रपति मंगलवार को जयपुर का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 18 फरवरी को जयपुर, राजस्थान के एक दिवसीय दौरे पर रहेंगे। उपराष्ट्रपति सचिवालय ने सोमवार को बताया कि अपनी यात्रा के दौरान उपराष्ट्रपति जयपुर में राजस्थान व्यापार एवं उद्योग महासंघ (फोर्टी) के राष्ट्र निर्माण : उद्यमियों की भूमिका विषय पर आयोजित सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्षता करेंगे।

## देश के 152 शहरों में आज से शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण की शुरुआत

# केन्द्रीय कृषि मंत्री चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. यादव रायसेन से करेंगे शुभारंभ

**भोपाल।** केन्द्र सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय के भूमि संसाधन विभाग ने 26 राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों के 152 शहरी स्थानीय निकायों में शहरी बस्तियों के राष्ट्रीय भू-स्थानिक ज्ञान-आधारित भूमि सर्वेक्षण (नक्शा) नामक पायलट कार्यक्रम शुरू किया जा रहा है। केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज (मंगलवार को) मप्र के रायसेन में कार्यक्रम का शुभारंभ करेंगे। जनसम्पर्क अधिकारी महेश दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, केन्द्रीय ग्रामीण विकास एवं संचार राज्यमंत्री डॉ. चन्द्रशेखर पेम्मासानी,



प्रदेश के मछुआ कल्याण एवं मत्स्य विकास राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नारायण सिंह पवार, विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी, केन्द्रीय सचिव भूमि संसाधन मनोज जोशी, संयुक्त सचिव कुणाल सत्यार्थी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि नक्शा कार्यक्रम का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों में भूमि रिकॉर्ड बनाना और उन्हें अपडेट करना है, ताकि भूमि स्वामित्व का सटीक और विश्वसनीय दस्तावेजीकरण सुनिश्चित किया जा सके। यह पहल नागरिकों को सशक्त बनाएगी, जीवन को आसान बनाएगी, शहरी नियोजन को बढ़ाएगी और भूमि संबंधी विवादों को कम करेगी। संपत्ति रिकॉर्ड प्रशासन के लिए आईटी-आधारित प्रणाली पारदर्शिता, दक्षता को बढ़ावा देगी और सतत विकास का समर्थन करेगी। नक्शा शुभारंभ कार्यक्रम में ड्रोन उड़ाए जाएंगे। मानक संचालन प्रक्रिया पुस्तिका का विमोचन किया जाएगा। नक्शा कार्यक्रम पर वीडियो एवं फ्लायर जारी किए जाएंगे। वाटर शेड यात्रा को हरी झंडी दिखाई जाएगी। वाटर शेड वीडियो का प्रदर्शन किया जाएगा तथा वाटरशेड गान बजाया जाएगा। उन्होंने बताया कि सर्वे ऑफ इंडिया नक्शा कार्यक्रम के लिए तकनीकी भागीदार है, जो हवाई सर्वेक्षण करने और राज्य और केंद्र शासित प्रदेश सरकारों को तीसरे पक्ष के विक्रेताओं के माध्यम से ऑर्थोरेक्टीफाइड इमेजरी प्रदान करने के लिए जिम्मेदार है। मध्य प्रदेश राज्य इलेक्ट्रॉनिक विकास निगम (एमपीएसईडीसी) द्वारा एंड-टू-एंड वेब-जीआईएस प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा और भंडारण सुविधाएं राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र सेवा इंक (एनआईसीएसआई) द्वारा प्रदान की जाएंगी।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक–धीरेन्द्र चौबे, संपादक–धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)